# दिगौड़ा में हटेगा अतिक्रमण, होगा विकास, प्लान तैयार

**नगर विकास को लेकर मास्टर प्लान बनाया जा रहा**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने लोगों से की विस्तृत चर्चा**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़**
**हटेगा अतिक्रमण, होगा दिगौड़ा का विकास, मास्टर प्लान किया जा रहा तैयार। टीकमगढ़ से झांसी मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत दिगौड़ा को विकास की ओर ले जाने का जिम्मा अब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ले लिया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस संबंध में वहां के आम लोगों को बैठक में बुलाकर उनके बिन्दुओं को दर्ज कर विकास का प्लान तैयार करना शुरू कर दिया है।**

दरअसल ग्राम पंचायत दिगौड़ा की बढ़ती आबादी एवं बदलते इस युग को देखते हुए उसकी तस्वीर बदलने की भी तैयारी की जाने लगी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अचानक पूरे प्रशासनिक अमले के साथ दिगौड़ा तहसील में एक बैठक बुलाई। इस बैठक में आम लोगों के साथ जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकारों को रखा। बैठक में बारी-बारी से सबने अपने विचारों को कलेक्टर के सामने प्रेषित किया।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिगौड़ा विकास के लिए सबसे अपने-अपने बिन्दु रखने की बात कही थी। इस पर तमाम लोगों ने अपने विचार रखे। यहां सबसे बड़ी बात जो निकलकर सामने आई है वह है दिगौड़ा क्षेत्र में फैले अतिक्रमण की। इस पर ज्यादा जोर दिया गया। आम लोगों की बात सुन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि इससे सख्ती के साथ निपटा जाए, चाहे कोई भी अतिक्रमण हटाकर शासकीय भूमियों को सुरक्षित करना हमारा काम है। आम लोगों ने भी कलेक्टर की इस बात पर सहमति दी। इतना ही नहीं लोगों ने कहा कि नल जल योजना के तहत जो पाईप लाईन बिछाई गई है उसमें लीकेज आ गए हैं, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल इसे सुधार करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लीकेज का सिस्टम 26 जनवरी तक ठीक किया जाए। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि गौशाला का कार्य भी अधूरा पड़ा है, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल एक्शन लेते हुए संबंधितों को मौके से फोन कर जल्द कार्य पूरा करने के साथ हैंडओवर की बात कही।

कलेक्टर की इस बैठक में यह सार निकला कि लोगों को विश्वास में लेकर आगे की रणनीति बनाई जाए, जिससे आगे विकास कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इसलिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय आम लोगों को साथ लेकर दिगौड़ा विकास का मास्टर प्लान तैयार करने में लगे हैं। उनकी सोच है कि दिगौड़ा सेंटर में पड़ता है, इसलिए इसका सुन्दर दिखना भी लाजमी है। यहां विकास कराकर यहां के लोगों को दिगौड़ा की नई तस्वीर दिखाने की तैयारी है।

इस बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ नवीत ध्रुवे, एसडीएम संजय दुबे, तहसीलदार प्राची जैन, जनपद सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, जतारा बीईओ एमपी खरे, पीएचई एसडीओ हर्ष राय सहित दिगौड़ा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं पत्रकार मौजूद रहे।

### महिला शौचालय का भी होगा निर्माण

बैठक के दौरान कलेक्टर के समीप यह विषय रखा कि नगर दिगौड़ा में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय नहीं है, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि जल्द ही यहां शौचालय बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बिन्दु कई लोगों ने बताया है इस ओर जल्द कार्यवाही की जाएगी। महिलाओं के शौचालय बनने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

### वाचनालय एवं अटल सभागार पर भी हुई चर्चा

बैठक में मौजूद एक युवा ने दिगौड़ा में अटल सभागार बनाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल जिला सीईओ को ओर ध्यान देने के लिए कहा। साथ ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि आज के युग में युवा किताबों से दूर होते जा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में रील के खेल में सब फंस चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को पढ़ाई की ओर अग्रसर करना होगा। बच्चों को किताबों से जोड़ने के लिए यहां एक वाचनालय की भी जरूरत है। जिस पर जनपद सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा ने कहा कि यहां के शिक्षकों से बात कर कोई ऐसा स्थान बनाया जाएगा। जहां बच्चे पढ़ाई कर सकें।

### दिगौड़ा में बुधवार को लगेगा लिंक कोर्ट

कलेक्टर द्वारा बुलाई गई बैठक में आम लोगों ने यह मांग रखी कि उन्हें राजस्व के कामों एवं एसडीएम कोर्ट के लिए जतारा कूच करना पड़ता है। लोगों ने कहा कि एक लिंक कोर्ट यहां लगना चाहिए, जिस पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एसडीएम से कहा कि अब हर बुधवार मोहनगढ़ एवं दिगौड़ा के लोगों के लिए यहां लिंक कोर्ट तहसील में शुरू किया जाए।

### बस स्टेण्ड के लिए होगी भूमि की तलाश

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय जब बैठक ले रहे थे, तभी दिगौड़ा में बस स्टेण्ड बनाने को लेकर बिन्दु सामने आया, जिस पर कलेक्टर ने विचार किया और कहा कि जल्द ही बस स्टेण्ड के लिए भी भूमि की तलाश कर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। बस स्टेण्ड कहां बनना है यह तय यहां के लोगों को ही करना है आप सभी विचार करें कि आने वाले बदलते इस समय में दिगौड़ा का बस स्टेण्ड कहां उचित रहेगा। शासकीय प्रक्रिया मैं शुरू करा देता हूं। बस स्टेण्ड के लिए भी जमीन की तलाश शुरू करने के निर्देश कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने अधिनस्थों को दिए।

# तापमान में गिरावट से जनजीवन प्रभावित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मंगलवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दिन का तापमान 19.5 डिग्री रहा। पिछले तीन दिनों से तापमान में लगातार गिरावट से जनजीवन प्रभावित हुआ है।**

मौसम विभाग के अनुसार, जिले में इस पूरे सप्ताह शीतलहर का दौर जारी रहेगा। अनुमान है कि दिन का तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 6 से 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। पिछले तीन दिनों से तापमान में लगातार गिरावट से जनजीवन प्रभावित हुआ है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री था। शनिवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया।सोमवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री से घटकर 17.4 डिग्री और रात का तापमान 10 डिग्री से घटकर 6.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया है कि इस सप्ताह लगातार सर्द हवाएं चलेंगी, जिसके चलते दिन का तापमान 17 से 18 डिग्री और रात का तापमान 6 से 7 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। लोगों को इस पूरे सप्ताह कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा।मंगलवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दिन का तापमान 19.5 डिग्री रहा।

# इंदौर की घटना के बाद परिषदों को पानी की जांच के निर्देश



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**कलेक्टर ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौत की घटना के बाद जिले की सभी नगर परिषदों को पानी की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों के बाद मंगलवार को नगर पालिका के सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने विभागीय और पीएचई कर्मचारियों के साथ कुछ घरों में पानी के सैंपल लिए।**

वार्ड नंबर 18 में राहुल तिवारी के घर से पानी का सैंपल लिया गया। जांच के बाद सीएमओ ने बताया कि पानी की शुद्धता तीन पैरामीटर पर जांची गई, और तीनों में पानी शुद्ध पाया गया। सीएमओ ने शहर के 27 वार्डों के लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी गंदे पानी की शिकायत हो, तो वे सीधे नगर पालिका दफ्तर आकर शिकायत दर्ज कराएं। दरअसल, टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने सभी निकायों के सीएमओ को पेयजल पाइपलाइन का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि पेयजल संबंधी शिकायत मिलने पर तत्काल सुधार की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को पेयजल सप्लाई के प्रारंभिक बिंदु और सभी वार्डों में सप्लाई होने वाले पानी के सैंपल लेकर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही, ईई पीएचई को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई के पानी का सैंपल लेकर आखिरी बिंदु तक पहुंचने वाले पानी की जांच करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिले को स्वच्छ बनाने के लिए सभी सीएमओ नियमित रूप से स्वयं निरीक्षण करें और फील्ड विजिट कर स्थिति का जायजा लें।

# एसआईआर की बनाई कार्ययोजना

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम की आगामी कार्ययोजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर में मैपिंग के उपरांत सुनवाई कार्य को प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने ईआरओ, डीईआरओ एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया।

# गायत्री परिवार ने नशामुक्ति पर कराई संगोष्ठी



**नवभारत न्यूज, पलेरा।**
**गायत्री परिवार पलेरा के सानिध्य में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार की छात्राओं द्वारा सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलेरा में योगाभ्यास एवं नशामुक्ति पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य महेश रावत, गायत्री परिवार से योगा प्रकोष्ठ के संतोष खरे, राघवेंद्र गुप्ता मोनू एवं पतंजलि योग समिति से विकास खण्ड प्रभारी रामसिंह राजपूत, योगाचार्य अनिल मिश्रा की उपस्थिति में देव कन्या कुमारी तानिया लुहाच, निमानी सिद्धू, दिव्यांशी शर्मा नें सांदीपनि विद्यालय की छात्र-छात्राओं को योग संबंधी नियमों, आचार विचार से अवगत कराया एवं नशा मुक्ति पर आधारित प्रेरणा गीत का सामूहिक गायन किया गया एवं नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।योगाभ्यास की विभिन्न आसनों, मुद्राओं एवं प्रणायाम का अभ्यास कराया गया और जीवन में योग को दिनचर्या में अनिवार्यतः शामिल कर स्वस्थ्य जीवन शैली का अनुशरण कराया।

# आंगनवाड़ी केन्द्रों का समय परिवर्तित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार वर्तमान समय में शीतकालीन मौसम के तापमान में हुई गिरावट के कारण आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये आंगनवाड़ी केन्द्र के संचालन का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक परिवर्तित किया गया है।**

तदनुसार आंगनवाड़ी केन्द्र खुलने का समय प्रात: 10 बजे, बच्चों के नाश्ता का समय प्रात: 11 बजे, अनौपचारिक शिक्षा का समय प्रात: 11:30 बजे, भोजन का समय दोपहर एक बजे, बच्चों की आंगनवाड़ी केन्द्र से छुट्टी का समय दोपहर 2 बजे निर्धारित किया गया है। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गृहभेंट, अभिलेखों का संधारण एवं अन्य गतिविधियां पूर्ववत रहेंगी।

# वन विभाग ने चंदेरा के अतिक्रमण पर की कार्यवाही




**नवभारत न्यूज जतारा।**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा वन क्षेत्र में लगातार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बेदखली की कार्यवाही की जा रही है। उसी तारतम्य में 4 जनवरी 2026 एवं 5 जनवरी 2026 को लगातार दो दिन में वन परिक्षेत्र जतारा की बीट चंदेरा के कक्ष क्रमांक पी 242 एवं नया कक्ष क्रमांक पी 565 में लगभग 30 हैक्टेयर से भी अधिक वन क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों के चंगुल से छुड़ाकर मुक्त कराया गया।**

जिसके तहत अतिक्रमणकारी धरमू अहिरवार, छंदी अहिरवार, जहिंद्र अहिरवार, करण आदिवासी, रामदास अहिरवार , एवं अन्य अतिक्रमणकारी निवासी गोटेट जो वर्षों पुराने अतिक्रमण के साथ नया अतिक्रमण को करने का प्रयास कर रहे थे जिनके विरुद्ध लगातार सूचनाएं एवं शिकायतें प्राप्त हो रही थीं के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनके कच्चे-पक्के मकानों, कुआं ,खेत बाड़ी, एवं झुग्गी झोपड़ियों को दो दो जेसीबी की मदद से जमीजोंद करते हुए बड़ी बड़ी खाईयां , बड़े बड़े गहरे गड्ढे और ट्रेंच खोदकर 30 हैक्टेयर से भी अधिक वन क्षेत्र में अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही की जाकर नामजद वन अपराध् पंजीबद्ध किया जाकर अग्रिम विवेचना में लिया गया। उक्त अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई जिसमे पुलिस बल लिधौरा के साथ संपूर्ण जतारा रेंज का पुरुष एवं महिला बल वन अमले के रूप में सम्मिलित रहा। विदित हो वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा वन क्षेत्र में लगातार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बेदखली की कार्यवाही की जा रही है।

# बेटी की सलामती के लिए 800 किलोमीटर की यात्रा

**टीकमगढ़ में पहुंचते ही लोगों ने किया स्वागत**

**महाराष्ट्र के रहने वाले देवीदास ने वैष्णो देवी से शुरू की यात्रा**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**महाराष्ट्र के अमरावती जिले के रहने वाले देवीदास अपनी बेटी की सलामती के लिए अमरावती से माता वैष्णो देवी तक लुढ़ककर यात्रा कर रहे हैं। करीब 2050 किलोमीटर की इस कठिन धार्मिक यात्रा में वे अब तक लगभग 800 किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं। मंगलवार को वे टीकमगढ़ पहुंचे। सिविल लाइन रोड से गुजरते समय उन्हें देखकर लोगों ने उनका स्वागत कर हौसला बढ़ाया।**

देवीदास ने बताया कि कुछ समय पहले उनकी बेटी को करंट लग गया था। हादसे में उसके सिर पर गहरी चोट आई थी और हालत बेहद गंभीर हो गई थी। डॉक्टरों ने बचने की उम्मीद कम बताई थी और कहा था कि अगर जान बच भी गई तो वह सामान्य जीवन नहीं जी पाएगी।बेटी की हालत देखकर देवीदास ने माता वैष्णो देवी से मन्नत मांगी थी। उन्होंने प्रण लिया था कि अगर बेटी ठीक हो गई तो वे माता वैष्णो देवी तक लुढ़ककर यात्रा करेंगे। बाद में बेटी की प्लास्टिक सर्जरी सफल रही और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रही है।बेटी के ठीक होने के बाद देवीदास ने अपनी मन्नत पूरी करने के लिए यह यात्रा शुरू की। उन्होंने बताया कि अमरावती से वैष्णो देवी तक की दूरी करीब 2050 किलोमीटर है। अब तक वे 800 किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं और लगभग 1200 किलोमीटर की यात्रा अभी बाकी है। देवीदास टीकमगढ़ से झांसी, आगरा, मथुरा और दिल्ली होते हुए माता वैष्णो देवी के दरबार पहुंचेंगे। इस पूरी यात्रा के दौरान उनके साथ एक सहयोगी साइकिल से चल रहा है, जो उनकी मदद करता है।

### यात्रा में सहयोगी रहे साइकिल पर सवार

टीकमगढ़ से झांसी, आगरा, मथुरा और दिल्ली होते हुए माता वैष्णो देवी के दरबार पहुंचेंगे। इस पूरी यात्रा के दौरान उनके साथ एक सहयोगी साईकिल से चल रहा है, जो उनकी मदद करता है। देवीदास ने बताया कि वे जहां जगह मिल जाती है, वहीं रात को रुक जाते हैं। खाने-पीने और कपड़ों की व्यवस्था रास्ते में मिलने वाले श्रद्धालु और स्थानीय लोग कर देते हैं।

**कार्यवाही** — **मोहनगढ़ एवं नारगुड़ा में दिया कार्यवाहियों को अंजाम**

# अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग ने कसा शिकंजा, दो जगह पहुंची टीम



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही की गई। सहायक खनिज अधिकारी कुलदीप जैन ने खनिज अमले के साथ ग्राम नारगुड़ा पहुंचकर एक जेसीबी मशीन को अवैध मुरम उत्खनन करते पाए जाने पर जप्त किया गया। इसी प्रकार मोहनगढ़ क्षेत्र में बीते दिन अवैध उत्खनन परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही की गई। खनिज विभाग के दल सहित मोहनगढ़ तिराहा के पास एक डंपर को जब्त किया गया।**

दरअलस इसी प्रकार खनिज विभाग के दल द्वारा मोहनगढ़ क्षेत्र में बीते दिन अवैध उत्खनन परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रात: खनिज विभाग के दल द्वारा मोहनगढ़ तिराहा के पास एक डंपर को खनिज एम सेंड का ओवरलोड परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसके पश्चात मोहनगढ़ के समीप ग्राम हथेरी में एक ट्रैक्टर ट्राली को रेत खनिज का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर खनिज अधिकारी द्वारा जप्त कर थाना मोहनगढ़ पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। जेसीबी मशीन का ऑपरेटर खनिज विभाग के दल को देखकर मौके से चाबी लेकर खेतों में भाग गया। खनिज विभाग के दल द्वारा बड़ी मुश्किल से अन्य ड्राइवर के माध्यम से जेसीबी मशीन को देहात थाना पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। मौके पर उत्खनन की अनुमति नहीं पाई गई। वाहन का प्रकरण मध्य प्रदेश खनिज अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण का निवारण नियम के अंतर्गत अर्थदंड हेतु कलेक्टर महोदय के समक्ष हेतु प्रस्तुत किए जाएंगे।कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही की गई। सहायक खनिज अधिकारी कुलदीप जैन ने खनिज अमले के साथ ग्राम नारगुड़ा पहुंचकर एक जेसीबी मशीन को अवैध मुरम उत्खनन करते पाए जाने पर जप्त किया गया। खनिज विभाग द्वारा दो स्थानों पर की गई कार्यवाही के चलते अवैध उत्खनन करने वालो में हड़कंप की स्थिति देखने को मिल रही है। विभाग की माने तो अभी इस तरह की कार्यवही निरंतर जारी रहेगी।

### नवभारत की खबर पर लगी मुहर

प्रशासन ने एक वार फिर नवभारत में प्रकाशित खबर पर मुहर लगाते हुए कार्यवाही की है। दरअसल चार जनवरी के अंक में नवभारत समाचार पत्र ने प्रमुखता से शीर्षक वन क्षेत्र में मशीनों से हो रहा अवैध रेत का उत्खनन नामक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होते ही जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए खनिज विभाग को मोहनगढ़ क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया था। जिसके बाद कार्यवाही हुई।

# जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।**

उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए।

# शीतलहर को देखते हुए किसानों को सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा जिले के किसान भाइयो को सलाह दी गई है कि जब मौसम में तापमान 10-डिग्री से नीचे हो तो शीतलहर कहलाता है और अगर ये तापमान 5-डिग्री से नीचे चला जाय तो गहन-शीत लहर कहलाता है, इस दौरान किसानो को फसल, पशु, मुर्गी एवं मछली के बचाव हेतु उपाय करने चाहिए जैसे फसल को पाला से बचाव हेतु हल्की सिंचाई दे देनी चाहिए, जिससे तापमान 0-डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गिरेगा और फसलों को पाले से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है।**

सिंचाई करने से 2-5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान मे बढ़ोतरी हो जाती हैं। नर्सरी में पौधों को रात में प्लास्टिक, तिरपाल की चादर से ढकने से तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है। जिससे पौधे पाले से बच जाते हैं। ढकने में पौधों का दक्षिण पूर्वी भाग खुला, जिस दिन पाला पडने की सम्भवना हों तब 400 मिली. गंधक के तेजाब को 400 लीटर पानी में घोलकर एक एकड़ क्षेत्र में स्प्रेयर पम्प से छिड़काव करें। पाला से बचाव हेतु यूरिया की 2 ग्रा.,ली. पानी की दर से घोल बनाकर फसलों पर छिडकाव करें अथवा 8 से 10 किग्रा,एकड़ की दर से भुरकाव करें। ध्यान रखें कि पौधों पर घोल की फुहार अच्छी तरह लगें। छिड़काव का असर दो सप्ताह तक रहता है। यदि इस अवधि के बाद भी शीत लहर व पाले की संभावना बनी रहे तो गंधक के तेजाब को 15-15 दिन के अन्तर से दोहराते रहें। सल्फर 90 प्रतिशत डब्ल्यूडीजी पाउडर को 3 किलोग्राम एक एकड़ में छिड़काव करने के बाद सिंचाई करें या सल्फ र 80 प्रतिशत डब्ल्यूडीजी पाउडर को 40 ग्राम प्रति पम्प 15 लीटर पानी में न युक्त होना चाहिए जिससे पशुओं का मूत्र बहकर कर निकल जाए।